# एक लाख परिवारों को मिला मिट्टी खुदाई का अधिकार

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रजापति समाज के परिवारों को सौंपे पात्रता प्रमाण पत्र

**कुरुक्षेत्र (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र में प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरण हेतु आयोजित एक राज्य समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी 22 जिलों में एक साथ आयोजित किया गया, जिसमें लगभग एक लाख परिवारों को भूमि पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रजापति समाज से आह्वान किया कि वे अपनी पारंपरिक कला को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए उसे और सशक्त बनाएं। साथ ही, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए नई तकनीकों को अपनाकर एवं अपने उत्पादों की गुणवत्ता एवं आकर्षण बढ़ाकर बाजार की मांग के अनुरूप कार्य करते हुए आगे बढ़ें। इस योजना के तहत लगभग 1700 गांवों में प्रजापति समाज को मिट्टी खुदाई का सामूहिक अधिकार देने हेतु पात्रता प्रमाण पत्र जारी किए गए। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस प्रजापति समाज के जिला अध्यक्ष पवन कुमार, मोहन सिंह, काला राम,धर्मवीर आर्य, रुलदु राम व पाला राम ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह प्रमाण पत्र ग्राम शामलात भूमि नियमावली 1964 के अंतर्गत प्रदान किए गए हैं।

यह न केवल भूमि के उपयोग का अधिकार देते हैं, बल्कि प्रजापति समाज के लोगों को अपने कार्य को निर्बाध रूप से संचालित करने की कानूनी शक्ति भी प्रदान करते हैं। इन प्रमाण पत्रों के माध्यम से प्रजापति समाज के लोगों को अपनी कला को नई दिशा देने का अवसर मिलेगा, उनके सपनों को नए पंख लगेंगे और अब उन्हें अपने उत्पाद निर्माण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री ने नागरिकों में भरा देशभक्ति का जोश

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के नागरिकों में वीर सपूतों और बलिदानियों की कुर्बानियों को याद करके तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश भक्ति का जोश और जज्बा भरने का काम किया। इस तिरंगा यात्रा का जगह-जगह समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ देश की नौजवान पीढ़ी ने पुष्प वर्षा कर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। अहम पहलू यह है कि इस तिरंगा यात्रा में सैंकड़ों नागरिकों के साथ-साथ हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी तिरंगा यात्रा में देश को आजाद करवाने वाले वीरों को याद किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पिपली अनाजमंडी से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिंरगा यात्रा में युवा, बुर्जुग और महिलाएं भी शामिल हुई। इस तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पिपली गीता द्वार से आगे पूजा मॉडल स्कूल चौक तक पहुंचे। इस दौरान इस तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीर जवानों की कुर्बानियों को याद करते हुए धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के नागरिकों से 15 अगस्त तक हर घर, हर गांव में तिरंगा लहराने की अपील की।

# राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन-बान व शान का प्रतीक : सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत संत कबीर कुटीर में लगाया तिरंगा



**चंडीगढ़ (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संत कबीर कुटीर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा लगाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है, जो हमें राष्ट्र की अखंडता, बलिदान और गौरवपूर्ण इतिहास की याद दिलाता है।

सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया हर घर तिरंगा अभियान देश के हर नागरिक के मन में राष्ट्र के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना जागृत करने का एक अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान न केवल देशभक्ति की भावना को जागृत करता है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और भाईचारे को भी सुदृढ़ करता है। तिरंगे का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है।

**मुख्यमंत्री ने आम जनता से की अपील, स्वतंत्रता दिवस के पखवाड़े में हर घर तिरंगा अभियान के साथ जुड़कर राष्ट्रीय एकता के पर्व में हों सम्मिलित**

**कहा, यह राष्ट्रीय एकता और भाईचारे को भी सुदृढ़ करता है, तिरंगे का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य**

यह न केवल हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का प्रतीक है, बल्कि हमारे देश की प्रगति, संस्कृति और गौरव का प्रतिनिधित्व भी करता है। मुख्यमंत्री ने आम जनता से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस के पखवाड़े में प्रत्येक नागरिक अपने घर, प्रतिष्ठान, कार्यालय पर तिरंगा लगाकर इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और राष्ट्रीय एकता के इस पर्व को सफल बनाएं।

# युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति : नायब सिंह सैनी

डॉ. आराधना सिंह

**पंचकूला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। जब युवा शक्ति नशे की गिरफ्त से मुक्त होगी, तब भारत को निश्चित तौर पर विकसित राष्ट्र बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। सैनी बुधवार को इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर राज्य स्तरीय समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

सैनी बोले, भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारी युवा आबादी है। अगर हम अपने युवाओं को नशे से बचा पाए तो वे नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। प्रदेश सरकार ने हरियाणा को भी नशामुक्त करने का संकल्प लिया है, जिसके तहत पिछले दिनों साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें लाखों युवाओं ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संत समाज ने हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं और बच्चों के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया। संतों ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब समाज नशामुक्त हो।

कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा, पंचकूला मेयर कुलभूषण गोयल, पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, प्रदेश सरकार की एसीएस डॉ. जी अनुपमा, एचएसएनसीबी प्रमुख एवं डीजीपी ओपी सिंह, आईजी पंकज नैन, आईएएस प्रशांत पंवार सहित गांवों के सरपंच व अन्य उपस्थित रहे।


**AUCTION NOTICE**

Public Auction of Following Goods:-
Details Of Goods
Ex -Erode To Subzimandi (Delhi)

| Gr No. | Booking Date | Pkgs | Weight | Consignor | Consignee | Invoice No | Goods Value | Type of goods | Packaging Type |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 121000 14153 | 20-12 2021 | 19 | 1600 | Shree Sakthi Vinayagar Weaves Private Limited | Bhagat Ram Gulshan Kumar | SSV 2597 | 697297 | Viscose Ecovero Fabric (68*60)63" | Roll |
| 121000 142322 | 24-12 2021 | 10 | 800 | Shree Sakthi Vinayagar Weaves Private Limited | Bhagat Ram Gulshan Kumar | SSV 2665 | 349480 | Viscose Ecovero Fabric (68*60)63" | Roll |
| 121000 14409 | 1/1/ 2022 | 12 | 790 | Shree Sakthi Vinayagar Weaves Private Limited | Bhagat Ram Gulshan Kumar | SSV 2769 | 337145 | Viscose Ecovero Fabric (68*60)63 | Roll |
| 121000 16034 | 2/8/ 2022 | 3 | 235 | O.p.textiles Mills | Bhagat Ram Gulshan Kumar | GST /921 | 70737 | Cotton Fabric 520812 20*20 Gauze Plain 40*36/54" | Roll |
| 121000 07169 | 22-03 2021 | 100 | 6000 | Dhanalakshmi Synthetis (p) Limited | Rms Textiles | Y-2125 | 1681260 | 2/40s Viscose Yarn | Roll |

Will Be Held On 25 Of August 2025 To Recover Our Freight & Demurrage Costs, Schedule As Per Below. Bag On 23 & 24th Of August 2025 Between 10 A.m. To 5 P.m. Inspection Of Materials For Auction. 25th Of August At 11 A.m. Live Auction Of Materials At Green Express Carriers Pvt. Ltd. 622/1E, Near Ramjas School Gate No.2, Anand Parbat Industrial Area, New Delhi-110005. Details Of Materials Are Available At Auction Site. Interested Parties Are Invited To Participate In The Auction As Per Schedule Above.
Green Express Carriers Pvt. Ltd.


# लोगों में देशभक्ति की भावना जब हुंकार भरती है तो देश के दुश्मन डरकर भाग जाते हैं : विज

**अम्बाला (एसएनबी)।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश भक्ति की भावना जब लोगों में पूरी तरह से हुंकार लेने लगे तो बड़े-बड़े देश के दुश्मन डरकर भाग जाते हैं। देश आजादी की वर्षगांठ मनाने जा रहा है और हमारी पार्टी ने सारे देश को तिरंगामय करने के लिए हर शहर व प्रदेश में तिरंगा यात्रा निकालने का कार्यक्रम तय किया है। इसी क्रम में अम्बाला छावनी में निकाली तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और वह देश भक्ति की धुनों में झूम रहे थे, नाच रहे थे और गा रहे थे। इस दौरान विज हाथ में तिरंगा फहराते हुए 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाकर जोश का संचार किया।



तिरंगा यात्रा के दौरान अम्बाला छावनी देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत नजर आई। यात्रा जहां से निकली वहां लोग देशभक्ति के गीतों पर नाचते-झूमते नजर आए। तिरंगा यात्रा के स्वागत में जगह-जगह फूल बरसाए गए। लोगों व दुकानदारों ने घरों व दुकानों की छतों से यात्रा पर फूलों की वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।

**यात्रा के दौरान विज हाथ में तिरंगा फहराते हुए 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारे लगाकर जोश का संचार किया**

यात्रा के दौरान मंत्री अनिल विज ने सभी का अभिवादन किया और लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाईयां दी। तिरंगा यात्रा के दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री फिणद्रनाथ शर्मा, नगर परिषद प्रधान स्वर्ण कौर, उपप्रधान ललता प्रसाद, जसबीर सिंह जस्सी, डिम्पल गुप्ता, आरती सहगल, सुरेंद्र बिंद्रा, अजय बवेजा, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, विकास बहगल, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, आशीष अग्रवाल, मदनलाल शर्मा, रामबाबू यादव, भरत कोछड़, फकीरचंद सैनी, बिल्लू राणा, बलकेश वत्स, सुभाष शर्मा, रमेश सैनी, रणधीर सिंह, सुदर्शन सिंह सहगल, श्याम सुंदर अरोड़ा, बलित नागपाल आदि मौजूद रहे।


**राजस्थान सरकार**
**कार्मिक (ख-3) विभाग**

क्रमांकः प. 4 (4) कार्मिक/ख-3/2025 — जयपुर, दिनांक 05 अगस्त, 2025

**ई- निविदा सूचना**

Mechanized/Automated and Manual Cleaning at Government Secretariat, Jaipur हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए अनुमानित राशि रुपये 528.00 लाख (GST Extra) की ई- निविदा दिनांक 03.09.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://dop.rajasthan.gov.in अथवा http://eproc.rajasthan.gov.in अथवा https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/ पर देखी जा सकती है।
UBN No. : PER2526SLOB00036

संयुक्त शासन सचिव
कार्मिक (ख) विभाग
R.O. No.:DIPR/C/11348/2025/Date:11.08.2025 — दूरभाष संख्या 0141-2227700

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, ग्रामीण वृत्त, उदयपुर**

ई-मेल : SERURALUDAIPUR.PWD@RAJASTHAN.GOV.IN
क्रमांक :- 490 — दिनांक-04/8/2025

**NIT No. 06/2025-26**
**NIB Code- PWD2526A2419**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से ग्रामीण वृत उदयपुर के अधीनस्थ अधिशासी अभियंता सा.नि.वि. जिला खण्ड-प्रथम, उदयपुर में आर.एस.एम.एम. योजना के अन्तर्गत Diversion of SH-32 A Km. 79/200 to 81/200 Coming Under Mining Area of Jhamarkotra Rock Phosphate Mines Udaipur के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त पात्र श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष से निम्न कार्य की निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का नाम | सड़क कार्य कुल 1 (एक) कार्य |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | राशि रु. 332.39 लाख |
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एंव अपलोड करने की तारीख | 07.08.2025 प्रातः 9.30 बजे से 26.08.2025 सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 27.08.2025 सांयः 4.00 बजे से |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "http://dipr.rajasthan.gov.in "http://eproc.rajasthan.gov.in तथा "sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा "http://eproc.rajasthan.gov.in" पर ऑनलाइन सम्पादित की जायेगी।
UBN NO. PWD2526WSOB08912

अधीक्षण अभियंता
सार्वजनिक निर्माण विभाग
ग्रामीण वृत्त उदयपुर
R.O.No. : DIPR/C/11326/2025 Date : 11/08/2025

**सूचना**

NBCC — MAHAVIR HANUMAN — A JOINT VENTURE — NBCC Town Phase I

**एनबीसीसी टाउन, खेकड़ा, बागपत, (एनएच–709बी), उत्तर प्रदेश**
**दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे एलिवेटेड रोड के निकट**

एतद्द्वारा एनबीसीसी टाउन, खेकड़ा के निम्नलिखित मकान खरीदारों को इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अपनी बकाया राशि (आवंटन/आवेदन पत्र की शर्तों के अनुसार देय मूल राशि + ब्याज) चुकाने के लिए सूचित किया जाता है। एनबीसीसी उन ग्राहकों का आवंटन रद्द कर देगा जो इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के बाद अपनी बकाया राशि का भुगतान आवंटन की शर्तों के अनुसार नहीं कर पाते हैं।

| क्र. सं. | ग्राहक आईडी | फ्लैट नंबर | आबंटी का नाम | एनबीसीसी के रेकार्ड्स के अनुसार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | NT10925 | P-076 | सीमा त्यागी | मकान नंबर 4535, प्रथम तल, गली नंबर 3, निकट सेक्टर–3, पुलिस चौकी, बल्लभगढ |
| 2 | NT11080 | I-006 | अजय कुमार/ जया कुमारी करण | ई–628/सी, सेक्टर–11, प्रताप विहार, गाजियाबाद, यू.पी.–20100 |
| 3 | NT10641 | D-055 | गगनदीप सेठ | ई–68, प्रीत विहार, नई दिल्ली–110092 |
| 4 | NT10088 | L-035 | आनंद पाल सिंह | 3/303, न्यू करहेड़ा कालोनी, निकट हिंडन एयर फोर्स, मोहन नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201101 |
| 5 | NT1-10339 | N-092 | पूरन सिंह | मकान संख्या 29–बी, एलबीएस अस्पताल परिसर, खिचड़ीपुर, नई दिल्ली–110091 |
| 6 | NT10727 | D-035 | जी. डी. वाधवा | 133, न्यू राजधानी एन्क्लेव, विकास मार्ग, नई दिल्ली–110092 |
| 7 | NT10034 | N-071 | प्रबीन कौर | 156, निर्माण अपार्टमेंट, मयूर विहार फेज–1,नई दिल्ली–110091 |
| 8 | NT10186 | I-018 | गोपाल कृष्ण गुप्ता | 1932, गली लेहस्वा मोहल्ला, इमली कूचा पाती राम बाज़ार, सीता राम, नई दिल्ली–110006 |
| 9 | NT10039 | L-056 | विद्यापति गौतम | बी–33, तृतीय तल, सी सी कॉलोनी, कल्याण विहार, नई दिल्ली–110007 |
| 10 | NT10097 | P-051 | संतोष कुमार वर्मा | खसरा नंबर 59, गली नंबर 1, ब्लॉक बी, जनता विहार, मुकंदपुर, नई दिल्ली–110042 |
| 11 | NT10245 | L-038 | विजय | जी–610, श्रीनिवासपुरी नई दिल्ली–110065 |
| 12 | NT10334 | P-062 | दिनेश चंद शर्मा | 18/73, पूर्वी मोती बाग, गली नंबर 02, सराय रोहिल्ला, नई दिल्ली–110007 |
| 13 | NT10390 | M-13 | मुकेश नारायण तिवारी | बी–279, द्वितीय तल, छतरपुर एन्क्लेव, फेज– II, नई दिल्ली–110074 |
| 14 | NT10467 | B-70 | अनुराग राज | 403, मेट्रो अपार्टमेंट, डीडीए एमआईजी फ्लैट्स, भलस्वा गांव के पास, आउटर रिंग रोड, नई दिल्ली–110033 |
| 15 | NT1-10703 | G-005 | मंगल सिंह | सी–3/84, भू तल, चित्रकूट, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान–302021 |
| 16 | NT1-10878 | I-078 | वी. वेंकटेशन | बी/53, आनंद विहार, गुरुद्वारा के पास, उत्तम नगर पश्चिम, नई दिल्ली–110059 |
| 17 | NT10911 | E-054 | दीपक जैन | सी–3/129, सेक्टर–11, रोहिणी, नई दिल्ली– 110085 |
| 18 | NT10977 | N-039 | सोवरन सिंह | एच–337, न्यू राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली–110060 |
| 19 | NT11113 | P-040 | आदित्य सचदेव | मकान संख्या 108, प्रथम तल, पॉकेट–13, सेक्टर–20, रोहिणी, नई दिल्ली–110086 |
| 20 | NT6-1001 | K-023 | आजाद अहमद अंसारी | 129, डीडीए फ्लैट्स, वेलकम सीलमपुर– III, शाहदरा, दिल्ली–110053 |
| 21 | NT6-1002 | K-016 | प्रवीण कुमार | डी8/609, स्ट्रीट नंबर 1, अशोक नगर, शाहदरा, नई दिल्ली – 110093 |
| 22 | NT6-1009 | B-206 | संजय गुप्ता | 46–अनेकांत अपार्टमेंट, वसुंधरा एन्क्लेव, दिल्ली – 110096 |
| 23 | NT6-1030 | C-504 | बी. कुमार | 163, कमल विहार, सीजीएचएस प्लॉट नंबर –5, सेक्टर –7, द्वारका, नई दिल्ली –110075 |
| 24 | NT6-1035 | F-508 | अनीता शर्मा | II आरएम–55बी, एमआईजी फ्लैट्स, सेक्टर–2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद–201005 |
| 25 | NT6-1037 | Q-101 | केदार नाथ श्रीवास्तव | 334, अभिनव अपार्टमेंट, बी/12, वसुंधरा एन्क्लेव, दिल्ली–110096 |
| 26 | NT6-1040 | Q-412 | पवन कुमार पासवान | क्वार्टर नंबर 21 ए, स्ट्रीट नंबर 84, सिम्जुरी, चित्तरंजन, जिला–बर्दवान, पश्चिम बंगाल, 713331 |
| 27 | NT6-1056 | A-304 | शिप्रा कुमारी | सी–62, प्रथम तल, सेक्टर 122, नोएडा फ्लैट संख्या–107/सी, एलआईजी फ्लैट्स, ब्लॉक–27, सेक्टर 135, नोएडा–201309 |
| 28 | NT6-1057 | Q-401 | राहुल श्रीवास्तव | सी–62, प्रथम तल, सेक्टर 122, नोएडा फ्लैट संख्या–107/सी, एलआईजी फ्लैट्स, ब्लॉक–27, सेक्टर 135, नोएडा–201309 |
| 29 | NT6-1060 | R-304 | उर्मिला नेगी | ए–124, जी3, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन – II, गाजियाबाद–201005 |
| 30 | NT6-1064 | A-611 | प्रदुमन कृष्ण जौहरी | 261, चरण बाग (सदभावना अस्पताल के पीछे), पटियाला–147001, पंजाब |
| 31 | NT6-1047 | Q-806 | दीपांकर घोष | 30/36, मोतीलाल मलिक लेन, कोलकाता–700035 |
| 32 | NT10755 | A-034 | सुरेन्द्र कुमार वर्मा | सी–1/182, यमुना विहार, नई दिल्ली–110053 |
| 33 | NT10275 | L-075 | हरमीत कौर छाबड़ा | सीडीएम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, 723, जैना टावर 1, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, जनकपुरी, दिल्ली–110088 |
| 34 | NT10016 | N-060 | गगन दीप सिंह | 7922/3, नई बस्ती, आरक्षण रोड, पहाड़गंज–110055 |
| 35 | NT6-1024 | R-606 | प्रियंका धीमान | एस–22, विजयविहार उत्तम नगर, दिल्ली–110059 |

साइट कार्यालय : एनबीसीसी टाउन (फेज–1) दिल्ली–सहारनपुर हाईवे, खेकड़ा, उत्तर प्रदेश
ई–मेल : repost@nbccindia.com वेबसाइट : www.nbccindia.in
विपणन कार्यालय : रियल एस्टेट मार्केटिंग डिवीजन एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली–110003

नोट :–
1. त्रुटियों और चूकों को सुधारा जा सकता है।
2. मकान खरीदारों से अनुरोध है कि कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारे कार्यालयों में आएं या 9667795853 पर संपर्क करें।
CBC : 20109/12/0004/2526


# राजस्थान के दौसा में कंटेनर में घुसी पिकअप, 11 की मौत

**जयपुर (एसएनबी)।** राजस्थान के दौसा में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खड़े कंटेनर में घुस गई। एक्सीडेंट में 7 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा और फिरोजाबाद के रहने वाले हैं। एक्सीडेंट बुधवार सुबह करीब 3.30 बजे नेशनल हाईवे-148 पर सैंथल थाना के बापी गांव में हुआ। असरौली (एटा) गांव से करीब 45 श्रद्धालु दो पिकअप में खाटूश्याम गए थे। वापसी में महिलाओं-बच्चों से भरी पिकअप का एक्सीडेंट हो गया।

**10 से ज्यादा घायल, सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले, खाटूश्याम से लौट रहे थे**

शुरुआती जांच में सामने आया है कि जिस पिकअप का एक्सीडेंट हुआ है उसमें 22 से ज्यादा श्रद्धालु थे। इनमें 10 की मौत दौसा में हुई है। वहीं, एक गंभीर घायल ने जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में दम तोड़ा है। मृतकों में पूर्वी (3), प्रियंका (25), दक्ष (12), शीला (35), सीमा (25), अंशु (26) और सौरभ (35) हैं। 4 मृतकों की पहचान नहीं हुई है। हादसे के 4 घायलों को दौसा के जिला अस्पताल में, जबकि गंभीर घायलों को जयपुर के सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल में भर्ती किया गया है। एसएमएस में भर्ती लोगों में लक्ष्य (5), नैतिक (6), रीता (30), नीलेश कुमारी (22), प्रियंका (19), सौरभ (28), मनोज (28) व एक अन्य है।

मौके पर पहुंचे राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बताया कि पिकअप सड़क किनारे खड़े कंटेनर में घुस गई थी। जहां एक्सीडेंट हुआ वो ब्लैकस्पॉट है। ये एरिया सरकार के भी संज्ञान में है। ऐसे और भी एरिया राजस्थान में चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दौसा हॉस्पिटल में फिलहाल 4 घायल हैं। इनमें 2 पुरुष व 2 महिलाएं हैं। फिलहाल उनका इलाज जारी है। वहीं, हादसे को लेकर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

## वोटर लिस्ट का विरोध, कांग्रेस का पैदल मार्च

**जयपुर (एसएनबी)।** वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने बुधवार को जयपुर में पैदल मार्च निकाला। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इसका नेतृत्व किया। मार्च प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होकर शहीद स्मारक पर खत्म हुआ। कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगाए।

इस मौके पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी हो रही है। इलेक्शन कमीशन जवाब नहीं दे रहा। यह इतिहास में पहली बार हो रहा है। वहीं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि शक को दूर करने के लिए इलेक्शन कमीशन को कदम उठाना चाहिए। सरकार को आगे नहीं करना चाहिए। निर्वाचन आयोग खुद आगे आए और बताए कि कहां गड़बड़ी हुई है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा बोले- पीएम नरेंद्र मोदी ने वोट की चोरी से सत्ता हासिल की है। ये दोधारी तलवार चला रहे हैं। एक तरफ एसआईआर के नाम से विपक्ष के वोट काटे जा रहे हैं, दूसरी तरफ बीजेपी के फर्जी वोटों को जुड़वाया जा रहा है। जबकि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा, भाजपा ने फर्जीवाड़ा किया है। इस फर्जीवाड़े को राहुल गांधी सामने लेकर आए हैं।


**जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड**
JUBILANT FOODWORKS

सीआईएन : L74899UP1995PLC043677
पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट 1ए, सैक्टर 16ए, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश
कॉर्पोरेट कार्यालयः 15वां तल, टॉवर ई, स्काईमार्क वन, प्लॉट नं. एच–10/ए, सैक्टर–98, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश
फोनः +91-120-6927500; +91-120-6935400
ईमेलः investor@jublfood.com, वैबसाइटः www.jubilantfoodworks.com

**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अनअंकेक्षित समेकित और एकल वित्तीय परिणामों का विवरण**

कंपनी के निदेशक मंडल ने 13 अगस्त, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अनअंकेक्षित समेकित और एकल वित्तीय परिणामों ("परिणामों") को मंजूरी दी।
परिणाम लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ कंपनी की वैबसाइट https://www.jubilantfoodworks.com/investors-shareholder-information-stock-exchange-filings पर प्रसारित किए गए हैं और क्यूआर कोड को स्कैन करके इन्हें देखा जा सकता है।

के निदेशक मण्डल की ओर से
जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
श्याम एस. भरतिया
अध्यक्ष एवं निदेशक
डीआईएन : 00010484
स्थानः नोएडा
दिनांकः अगस्त 13, 2025

नोट : उपरोक्त सूचना सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 47(1) के साथ पठित विनियम 33 के अनुसार है।

**यूनिटेक लिमिटेड** unitech
CIN: L74899DL1971PLC009720
पंजी. कार्यालयः 6, कम्युनिटी सेंटर, साकेत, नई दिल्ली – 110017
टेली: 011-26857338
ई–मेल: share.dept@unitechgroup.com | वेब: www.unitechgroup.com

30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (एकल और समेकित) का विवरण

कंपनी के निदेशक मण्डल ने 13 अगस्त, 2025 को हुई अपनी बैठक में, 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (एकल और समेकित) का अनुमोदन कर दिया है।
निवेशक वित्तीय परिणाम और साथ में लेखापरीक्षक की समीक्षा रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट https://www.unitechgroup.com/investor-relations/financial.asp और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों www.bseindia.com और www.nseindia.com से प्राप्त कर सकते हैं।
इसके अतिरिक्त, वित्तीय परिणाम यहां पर उपलब्ध कराए गए क्विक रिस्पॉन्स कोड (क्यूआर) स्कैन करके भी प्राप्त किये जा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें

टिप्पणः उपर्युक्त सूचना सेबी (सूचीकरण उत्तरदायित्व और प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 47(1) के साथ पठित विनियम 33 के अनुरूप प्रदान की गई है।

कृते यूनिटेक लिमिटेड
हस्ता/-
युद्धवीर सिंह मलिक
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 13 अगस्त, 2025

**DEVYANI INTERNATIONAL LIMITED**
Corporate Identification Number: L15135DL1991PLC046758
Registered office: F-2/7, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110020
Corporate office: Plot No-18, Sector-35, Gurugram - 122004, Haryana
Tel: +91-124-4566300, E-mail: companysecretary@dil-rjcorp.com, Website: www.dil-rjcorp.com

**Statement of Standalone and Consolidated financial results for the quarter ended on 30 June 2025**
**[Regulation 33 read with Regulation 47 (1) (b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]**

The Board of Directors of the Company at its meeting held on August 13, 2025 inter-alia considered and approved the Unaudited Financial Results of the Company (Standalone and Consolidated) for the Quarter ended June 30, 2025. ('Financial Results')
The Financial Results along with the Limited Review Report, have been disseminated on the Company's website at **https://dil-rjcorp.com/wp-content/uploads/2025/08/financial-results.pdf** and can be accessed by scanning the QR Code.

For and on behalf of Board of Directors of
Devyani International Limited
Sd/-
Manish Dawar
Whole time Director & CFO
DIN: 00319476
Place : Gurugram
Dated : 13 August 2025